**प्रेस नोट**
**दिनांक 17.12.2024**

**अमर शहीद राजेन्द्रनाथ लाहिडी के 98वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कारागार स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी शहादत को किया गया याद—**

**पुलिस अधीक्षक ने कहां बलिदान दिवस पर बहुत याद आए अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिडी—**

आज दिनांक 17.12.2024 को अमर शहीद राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी के 98 वें बलिदान दिवस के अवसर पर जिलाकारागार गोण्डा में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा हवन पूजा कर अमर शहीद राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी की प्रतिमा और समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी शहादत को याद किया गया। अमर शहीद लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत लाहिड़ी को सलामी दी गई और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। श्रद्धांजलि सभा और सलामी के बाद आयोजित समारोह में सर्वधर्म समभाव के तहत सभी धर्मो के धर्मगुरूओं ने शांति पाठ किया।

इस अवसर पर शहीद लाहिड़ी के जीवन एवं बलिदान पर प्रकाश डालते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कहा गया कि शहीद लाहिड़ी का बलिदान भारत के युवाओं के लिए सबसे बड़ा उदाहरण है। शहीद लाहिड़ी एक भारतीय क्रांतिकारी थे, जो काकोरी षड्यंत्र के पीछे के मास्टरमाइंड थे और दक्षिणेश्वर बमबारी वह हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य थे, जिसका उद्देश्य अंग्रेजों को बाहर करना था।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 17.12.2024**
**(निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण/रक्तदान शिविर)**

**पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित अमर शहीद श्री राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया उद्घाटन–**

**पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ओपन जिम/चिल्ड्रेन पार्क में वृक्षारोपड़ कर पर्यावरण संक्षरण का दिया गया संदेश –**

**निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में .......... पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों, जनपद वासियों व पत्रकार बंधुओं द्वारा करवाया गया हेल्थ चेकअप–**

गोण्डा। आज दिनांक 17.12.2024 को अमर शहीद श्री राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के 98 वें बलिदान दिवस को याद करते हुए रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित अमर शहीद श्री राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में जनपदवासी व पुलिस कर्मियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा श्री अमित पाठक द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व अन्य अधि0/कर्मचारीगणों की उपस्थिति में लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात डीआईजी महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ओपन जिम/चिल्ड्रेन पार्क में वृक्षारोपड़ कर पर्यावरण संक्षरण का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में ............. पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों, जनपद वासियों व पत्रकार बंधुओं द्वारा हेल्थ चेकअप करवाया गया तथा ............... पुलिस अधीक्षक गोण्डा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी/पश्चिमी सहित पुलिस के जवानों, जनपद वासियों व पत्रकार बंधुओं द्वारा रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्साधिकारी डा0 पी0पी0 पाण्डेय, डा0 आंनद, महिला चिकित्साधिकारी डा0 शिवांगी राज, नेत्र परीक्षण अधिकारी श्री अमित तिवारी व फार्मासिस्ट श्री विनोद वर्मा की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि पुलिस मेरा परिवार है और इनके स्वास्थ्य के लिए मैं हमेशा चिंतित रहता हूं। यही कारण है कि आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से न केवल स्वास्थ्यगत परेशानियों का पता चलेगा, बल्कि इलाज और दवाएं भी दी जाएगी। शिविर के दौरान पुलिस जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों व जनपद वासियों की शारीरिक जांच के साथ दवा व चिकित्सीय सलाह दी गई। साथ ही ईको, ईसीजी, ब्लड–शुगर, बीपी, लिक्विड प्रोफाइल, एचबी वन सी टेस्ट की सुविधा शिविर में उपलब्ध करायी गयी। महिला सम्बधी रोगों के लिए महिला चिकित्साधिकारी शिवांगी राज ने शिविर में उपस्थित महिलाओं की जांच कर परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ पुलिस परिवार के साथ ही जनपदवासियों को भी मिला।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 17.12.2024**
**(निःशुक्ल स्वास्थ्य परीक्षण/रक्तदान शिविर)**

**पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित अमर शहीद श्री राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित निःशुक्ल स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का फीता काटकर व लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया शिविर का शुभारम्भ-**

**रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ओपन जिम/चिल्ड्रेन पार्क में वृक्षारोपड़ कर पर्यावरण संक्षरण का दिया गया संदेश -**

**निःशुक्ल स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर में .......... पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों, जनपद वासियों व पत्रकार बंधुओं द्वारा करवाया गया हेल्थ चेकअप-**

गोण्डा। आज दिनांक 17.12.2024 को अमर शहीद श्री राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी के 98 वें बलिदान दिवस को याद करते हुए रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित अमर शहीद श्री राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी बहुउद्देशीय हॉल में जनपदवासी व पुलिस कर्मियों के लिए निःशुक्ल स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा श्री अमित पाठक द्वारा पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व अन्य अधि0/कर्मचारीगणों की उपस्थिति में सर्वप्रथम फीता काटकर लाहिड़ी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात डीआईजी महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ओपन जिम/चिल्ड्रेन पार्क में वृक्षारोपड़ कर पर्यावरण संक्षरण का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी/पश्चिमी सहित पुलिस के जवानों, जनपद वासियों व पत्रकार बंधुओं द्वारा रक्तदान किया गया तथा शिविर में ............ पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों, जनपद वासियों व पत्रकार बंधुओं द्वारा हेल्थ चेकअप करवाया गया। तथा स्वास्थ्य शिविर में चिकित्साधिकारी डा0 पी0पी0 पाण्डेय, डा0 आंनद, महिला चिकित्साधिकारी डा0 शिवांगी राज, नेत्र परीक्षण अधिकारी श्री अमित तिवारी व फार्मासिस्ट श्री विनोद वर्मा की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 17 दिसंबर को अमर शहीद श्री राजेंद्र नाथ लहड़ी जी का बलिदान दिवस है आज के ही दिन जनपद गोण्डा के जिला कारागार में अग्रेजो द्वारा उन्हे फाँसी दे दी गई थी। इस प्रकार राष्ट्र के प्रति उन्होने अपना सर्वोच्च बलिदान देश के लिए दिया था। जिससे प्रेरित होकर उनके बलिदान दिवस पर निःशुक्ल स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । पुलिस मेरा परिवार है और इनके स्वास्थ्य के लिए मैं हमेशा चिंतित रहता हूं। यही कारण है कि आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से न केवल स्वास्थ्यगत परेशानियों का पता चलेगा, बल्कि इलाज और दवाएं भी दी जाएगी। जाँच शिविर में पुलिस जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों व जनपद वासियों की शारीरिक जांच के साथ दवा व चिकित्सीय सलाह दी जा रही है। साथ ही ईको, ईसीजी, ब्लड-शुगर, बीपी, लिक्विड प्रोफाइल, एचबी वन सी टेस्ट की सुविधा शिविर में उपलब्ध करायी गयी है। महिला सम्बंधी रोगों के लिए महिला चिकित्साधिकारी

शिवांगी राज ने शिविर में उपस्थित महिलाओं की जांच कर परामर्श दिया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ पुलिस परिवार के साथ ही जनपदवासियों को भी मिला रहा है। रक्तदान के लिए सभी पुलिस कर्मीयों व जनपद वासियों को सम्बोधित करते हुए अपील की गयी की आपका रक्त दान से कल किसी का जीवन बचाने में बहुमूल्य योगदान दे सकता है इसलिए शिविर में बढ़ चढ़कर हमारे युवा पीढ़ी को विशेष रक्तदान करना चाहिए। इससे आपके स्वास्थ्य व शारीरिक क्षमता पर कोई असर नहीं पड़ता है यह आपके लिए भी लाभकारी है और समाज के लिए भी लाभकारी रहेगा।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**